GOVERNMENT OF HARYANA / हरियाणा सरकार

Directorate School Education
विद्यालय शिक्षा निदेशालय

शिक्षा, संस्कृति एवं विकास
Education, Culture and Development

School Education, Haryana
विद्यालय शिक्षा, हरियाणा

तमसो मा ज्योतिर्गमय
Lead me from Darkness to Light

Off.: Shiksha Sadan, Sector 5, Panchkula, Haryana 134109 (India) - Tel: 91(0172)-2560246 Fax: 91(0172)-2560253
कार्यालयः शिक्षा सदन, सैक्टर 5 पंचकुला–134109 (भारत) दूरभाष : 91 (0172) 2560246 फैक्स: 91 (0172) 2560253
e-mail: edusecondaryhry@gmail.com - site: www.schooleducationharyana.gov.in

सेवा में,

राज्य के सभी,
जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी,
खण्ड शिक्षा अधिकारी,
मुख्याध्यापक, राजकीय मिडल विद्यालय।

यादी क्रमांकः– 20/1-2021 ACD (15)
दिनांकः– 24.02.2022

विषयः– **सत्र 2021–22 हेतु कक्षा 1 से 8 की वार्षिक परीक्षा के आयोजन के सन्दर्भ में दिशा–निर्देश बारे।**

******

उपरोक्त विषय के सन्दर्भ में आपको अवगत करवाया जाता है कि शैक्षणिक सत्र 2021–22 हेतु कक्षा 1 से 8 की वार्षिक परीक्षा का आयोजन मार्च माह में किया जाना है। अतः आपसे अनुरोध किया जाता है कि वार्षिक परीक्षा के आयोजन हेतु, अपने अधीनस्थ विद्यालयो के मुखियाओं को निम्नानुसार दिशा–निर्देशों की पालना सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित करने की कृपा करें:–

<u>कक्षा 1 से 4</u>

1. वार्षिक परीक्षा का आयोजन विद्यालय स्तर पर कर लिया जाये जो FLN की Learning Outcomes एवं कक्षावार Skill Passbook के कौशलों पर आधारित होगा।
2. Datesheet सम्बन्धित विद्यालय द्वारा तैयार कर ली जाये।
3. सभी विद्यार्थियों का मूल्यांकन उसके कक्षा अध्यापक/विषय अध्यापक द्वारा किया जाना है। इसके लिये Testing Tool, मूल्यांकन पत्र, प्रश्न–पत्र आदि का निर्माण कक्षा अध्यापक/विषय अध्यापक द्वारा शैक्षणिक सत्र 2021–22 में सम्पन्न करवाये गये पाठ्यक्रम के आधार पर किया जाएगा।
4. प्रत्येक विद्यार्थी के मूल्यांकन उपरान्त उसके द्वारा अर्जित दक्षताओं को Skill Passbook में भरा जाएगा। तदोपरान्त 5% Skill Passbook की जाँच विद्यालय मुखिया/ABRC/ BRP/ ESHM द्वारा की जाएगी।
5. Skill Passbook का मुद्रण सम्बन्धित DEEO द्वारा करवाया जाएगा तथा प्रत्येक विद्यालय को छात्र संख्या के अनुसार उपलब्ध करवाई जाएगी। इसके लिये समुचित बजट सभी DEEO को उपलब्ध करवाया जाएगा।

6. वर्तमान शैक्षणिक सत्र 2021–22 में विद्यार्थियों को जिन अध्यापकों के द्वारा पढ़ाया गया है अगले शैक्षणिक सत्र 2022–23 में अगली कक्षा में भी ये विद्यार्थी उन्हीं अध्यापकों द्वारा पढ़ाये जायेंगे।
7. **परीक्षा परिणाम 31 मार्च** को घोषित कर दिया जाये तथा **01 अप्रैल, 2022 से नया सत्र आरम्भ** कर दिया जाये।

कक्षा 5 से 8

1. वार्षिक परीक्षा का आयोजन तथा मूल्यांकन विद्यालय स्तर पर कर लिया जाये।
2. कक्षा 5वीं से 8वीं की Datesheet, SCERT हरियाणा, गुरूग्राम द्वारा तैयार कर शीघ्र ही आपके साथ सांझा कर दी जाएगी। उक्त परीक्षा का आयोजन **15 मार्च, 2022 से 27 मार्च, 2022** के मध्य करवाया जायेगा।
3. सभी विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम अप्रैल माह की 10 तारीख तक Avsar App पर अपलोड करवा दिया जाये।
4. प्रश्न पत्र SCERT हरियाणा, गुरूग्राम द्वारा तैयार कर CD's/ Soft Copies सभी DEEO's को समय पर उपलब्ध करवा दी जायेगी।
5. **उत्तर पुस्तिकाओं की जाँच प्रत्येक विषय की परीक्षा समाप्त होने के तुरन्त बाद आरम्भ करवा दी जाये।**
6. **परीक्षा परिणाम 31 मार्च** को घोषित कर दिया जाये तथा **01 अप्रैल, 2022 से नया सत्र आरम्भ** कर दिया जाये।

सहायक निदेशक (शैक्षणिक)
कृतेः निदेशक मौलिक शिक्षा
हरियाणा पंचकूला

पृष्ठांकन क्रमांक समः **दिनांक, पंचकूला 24.02.2022**

इसकी एक प्रति निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. निजी सचिव, माननीय महानिदेशक माध्यमिक शिक्षा हरियाणा, पंचकूला।
2. निजी सहायक, माननीय निदेशक मौलिक शिक्षा हरियाणा, पंचकूला।
3. निदेशक SCERT हरियाणा, गुरूग्राम।

सहायक निदेशक (शैक्षणिक)
कृतेः निदेशक मौलिक शिक्षा
हरियाणा पंचकूला